


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ, सोमवार,04,अगस्त 2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com


## यूपीः पूरा प्रदेश मानसून की गिरफ्त में


Monsoon IN UP:यूपी में बारिश का दौर जारी है। आज प्रदेश के 46 जिलों में भीषण बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी लखनऊ में रविवार को रिकॉर्ड बारिश हुई।यूपी में मानसून पूरी तरह से प्रभावी है। आज के लिए प्रदेश के तराई और आगरा मंडल के 15 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 31 अन्य जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट है और 64 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसूनी ट्रफ लाइन अभी भी प्रदेश के तराई इलाकों की ओर है। आज तराई व आगरा क्षेत्र में भारी बारिश के आसार हैं। कल रविवार को तराई, पूर्वांचल समेत विभिन्न इलाकों में अच्छी बारिश देखने को मिली। तराई के कई जिलों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। लखीमपुर खीरी और भदोही में सर्वाधिक 120 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं चित्रकूट और प्रतापगढ़ में 110 मिमी, अलीगढ़ में 100 मिमी, वाराणसी, बलिया, प्रयागराज, मिर्जापुर में 90 मिमी बारिश हुई। रविवार की देर शाम गोंडा,



बहराइच, सीतापुर, बाराबंकी में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश हुईसिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, मथुरा, हाथरस, आगरा, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास के इलाकों में। संतकबीरनगर, बस्ती, महाराजगंज, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, अयोध्या

## Shibu Soren Passes Away

### झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन; बेटे हेमंत बोले- आज मैं शून्य हो गया




शिबू सोरेन वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। कई दिनों से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। वे एक महीने से ज्यादा समय से राष्ट्रीय राजधानी के श्री गंगा राम अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें जून के आखिरी हफ्ते में किडनी संबंधी समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था।झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का सोमवार को निधन हो गया। वे 81 साल के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में अंतिम सांसद ली। उनके बेटे और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूं...' 81 वर्षीय शिबू लंबे समय से अस्पताल में नियमित रूप से इलाज करा रहे थे। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 24 जून को अपने पिता के अस्पताल में भर्ती होने पर कहा था, 'उन्हें हाल ही में यहां भर्ती कराया गया था, इसलिए हम उनसे मिलने आए थे। उनकी स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की जा रही है।' शिबू सोरेन पिछले 38 वर्षों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता थे और उन्हें पार्टी के संस्थापक संरक्षक के रूप में जाना जाता है।

## राजनीतिक मतभेदों को भूल साथ आया पवार परिवार

युगेंद्र पवार ने बीते महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (शरदचंद्र पवार) से बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। युगेंद्र ने अजित पवार के खिलाफ चुनाव लड़ा था और उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में बंटवारा हुए दो साल बीत चुके हैं और दोनों गुट राजनीतिक विरोधी हैं। हालांकि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद शरद पवार और अजित पवार पारिवारिक कार्यक्रमों में साथ दिखाई देते रहे हैं। एक बार फिर ऐसा मौका आया, जब पूरा पवार परिवार एक साथ दिखाई दिया। यह मौका था शरद पवार के परपोते युगेंद्र पवार के सगाई समारोह का। युगेंद्र पवार की मुंबई में तनिष्का कुलकर्णी से सगाई हुई। यह सगाई कार्यक्रम कुलकर्णी परिवार के घर पर हुआ।इस कार्यक्रम में शरद पवार के अलावा,



अजित पवार, सुप्रिया सुले, रोहित पवार आदि पवार परिवार के लगभग सभी सदस्य शामिल हुए। सुप्रिया सुले ने सगाई समारोह की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा की। इस पोस्ट के साथ उन्होंने लिखा कि 'तनिष्का और युगेंद्र को हार्दिक बधाई! आप दोनों के जीवन में प्यार और खुशियां बनी रहें। कुलकर्णी परिवार को गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए धन्यवाद।'

## सहारनपुर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ



Saharanpur News: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को सहारनपुर पहुंच गए। सबसे पहले उनका काफिला सर्किट हाउस पहुंचा। वे गंगोह रोड स्थित गोगा म्हाड़ी पर पूजन भी करेंगे।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को सहारनपुर पहुंच गए। वह करीब साढ़े पांच घंटे जिले में रहेंगे। विकास कार्यों और मंडलीय कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। साथ ही स्मार्ट सिटी योजना की 381 करोड़ रुपये की 15 परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन की सारी तैयारियां उच्चाधिकारियों ने कर ली थी। डीएम मनीष बंसल विभागीय अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री का गंगोह रोड स्थित गोगा म्हाड़ी पर पूजन आदि का कार्यक्रम भी है। मौसम खराब होने की वजह से सीएम सरसावा एयरपोर्ट से सड़क मार्ग के रास्ते सर्किट हाउस पहुंचे। यहां उनका गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने विभागीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सरसावा एयरपोर्ट से लेकर सर्किट हाउस रोड और पुलिस लाइन तक पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। सर्किट हाउस पर सुरक्षा का त्रिस्तरीय पहरा रहा। बिना पास के किसी भी व्यक्ति को सर्किट हाउस के भीतर नहीं जाने दिया गया।

## छात्रा को आत्मदाह के लिए उकसाने के आरोप में दो और किए गए गिरफ्तार



ओडिशा में कॉलेज की छात्रा के आत्मदाह करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले ही दो लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। बता दें कि यौन उत्पीड़न की शिकार छात्रा ने 12 जुलाई को खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी।ओडिशा के बालासोर जिले में एक कॉलेज छात्रा को आत्मदाह के लिए उकसाने के आरोप में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी पुलिस ने सोमवार को दी। 20 वर्षीय छात्रा, जो फकीर मोहन (स्वायत्त) कॉलेज में पढ़ती थी, ने 12 जुलाई को खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी। छात्रा ने आरोप लगाया था कि कॉलेज में हुए यौन उत्पीड़न की शिकायत को संस्थान की आंतरिक जांच समिति ने खारिज कर दिया था। इलाज के दौरान 14 जुलाई को उसकी मौत हो गई थी।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दो लोगों में से एक ज्योति प्रकाश बिस्वाल है, जो खुद भी उसी कॉलेज का छात्र है और आग लगने के दौरान छात्रा को बचाने की कोशिश में झुलस गया था। उसे हाल ही में कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज अस्पताल से छुट्टी मिली थी। दूसरा आरोपी शुभ्र संभव नायक है, जो एक छात्र संगठन का राज्य संयुक्त सचिव बताया जा रहा है। इन दोनों को रविवार देर रात उनके घरों से गिरफ्तार किया गया।छात्रा ने कॉलेज के इंटीग्रेटेड बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष (एचओडी) के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन कॉलेज की आंतरिक जांच समिति ने उस शिकायत को अमान्य घोषित कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने कथित तौर पर न्याय नहीं मिलने पर आत्मदाह कर लिया। उसे पहले बालासोर जिला अस्पताल और फिर AIIMS भुवनेश्वर में भर्ती कराया गया, जहां वह दो दिन बाद दम तोड़ गई।पुलिस ने बताया कि बिस्वाल और नायक को रविवार रात बालासोर के सब-डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट

# Aaj Ka Rashifal 04 August

## सावन के आखिरी सोमवार पर इन राशियों पर रहेगी भोलेनाथ की कृपा,

04 August Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 04 अगस्त 2025 का राशिफल।



### मेष

आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप नौकरी में कामों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। किसी दूसरी नौकरी का आपको ऑफर आ सकता है, लेकिन फिर भी आप पुरानी में ही टिके रहें। आप अपनी सेविंग पर पूरा ध्यान देंगे जिस कारण आप बचत की योजनाओं में भी धन लगाएंगे। किसी नए मकान या दुकान आदि की खरीदारी आप कर सकते हैं। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से तालमेल बनकर चलना होगा। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है।

### वृषभ

आज आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेंगा, क्योंकि आपके मन में उथल-पुथल बनी रहेगी। आपने यदि किसी से कोई बात गुप्त रखी थी, तो वह भी परिवार के सदस्यों के सामने उजागर हो सकती है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आप किसी यात्रा पर जाएं, तो वहां अपने कीमती सामानों का पूरा ध्यान दें। अपने कामों को आप कल पर टालने से बचें। किसी दूसरे की कोई बात आपसे बनते बनते बिगाड़ सकती है। राजनीति में आपको किसी बड़े नेता से मिलने का मौका मिलेगा।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट किसी एक्सपर्ट की राय के बिना ना करें। संतान की संगति को लेकर आपको थोड़ी टेंशन बनी रहेगी। आपके बिजनेस में पार्टनर धोखा दे सकता है। कोई कानूनी मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह की आवश्यकता होगी। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन फिर भी आप उनसे कुछ नहीं कहेंगे।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। आप किसी नए घर की खरीदारी कर सकते हैं, जिससे परिवार में खुशियां रहेगी। जीवनसाथी से आपके रिश्ते भी पहले से बेहतर रहेंगे, लेकिन आपके बॉस को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है, इसलिए आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें और आप अपने घर व बाहर के कामों में तालमेल बनाकर चले, नहीं तो परिवार के सदस्य आपसे नाराज हो सकते हैं। आपका डूबा हुआ धन आपको मिल सकता है।

### सिंह

आज आपको अपनी कमियों को दूर करके अपने व्यवसाय में सुधार लाने की आवश्यकता है। आपको किसी दूर रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है, लेकिन परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा भी दूर होगी। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपने यदि कोई लोन ले रखा था, तो उसे भी आप उतारने की कोशिश करेंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आज आपकी कार्य क्षमता बेहतर रहेगी और यदि आपको कोई शारीरिक कष्ट लंबे समय से हो रहा था, तो उसमें भी आपको राहत मिलती दिख रही है। आपको मनपसंद काम मिलने की संभावना है। आप किसी सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे, जिससे आपकी कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेंगी। जो आपके बिजनेस में आपको अच्छी राह देंगे।

### तुला

आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको कामों में टेंशन बनी रहेगी, क्योंकि बिजनेस में भी आपको अच्छा लाभ न मिलने से निराशा होगी। आप यदि किसी योजना में धन लगाएंगे, तो उसके भी डूबने की संभावना है। आपको अपने निर्णय भी थोड़ा सोच समझ कर लेने होंगे, क्योंकि किसी के कहने में आकर लिए गए निर्णय के लिए बाद में पछतावा होगा। वाहन की अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। भाई- बहनों से आपकी खूब बनेंगी।

### वृश्चिक

आज आप अपनी सोच में सकारात्मकता बनाए रखें, क्योंकि आप अपनी अच्छी सोच से अपने विरोधियों पर भी विजय प्राप्त करने की कोशिश करेंगे। संतान पक्ष से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपको अपनी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटाना है और आप यदि नौकरी में बदलाव करने की सोच रहे हैं, तो आपको कोई दूसरा ऑफर भी आ सकता है।

### धनु

आज आपको लेनदेन से संबंधित मामलों को लेकर जल्दबाजी नहीं दिखानी है। बिजनेस में भी आप सोच समझकर धन लगाएं, क्योंकि किसी जोखिम को लेना आपके लिए नुकसानदायक रहेगा। आप अपने घर की रंगाई पुताई की योजना बना सकते हैं। आपकी कोई पारिवारिक समस्या यदि लंबे समय से आपको टेंशन दे रही थी, तो वह भी दूर हो सकती है। आपको अपने किसी सहयोगी से कोई बात सोच समझ कर बोलनी। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

### मकर

आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। किसी पुराने मित्र से आपको लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा, लेकिन सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को अपनी मेहनत जारी रखनी होगी, तभी उन्हें कोई अच्छा लाभ होगा। आप अपनी माताजी से किसी मन की इच्छा को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती भरा रहने वाला है। आप अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा, लेकिन आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी और कार्यक्षेत्र में भी आपको प्रमोशन आदि मिलने की संभावना है। आपके बॉस आपके काम से काफी खुश होंगे। आप अपने परिवार में किसी सरप्राइज पार्टी का आयोजन भी कर सकते हैं, लेकिन वाहनों के प्रयोग से आपको थोड़ा सावधान रहना होगा।

### मीन

आज का दिन आपके लिए कुछ कठिनाइयों से भरा रहने वाला है, क्योंकि आपके कामों में कुछ विघ्न आने की संभावना है और आपका कोई काम बनते बनते बिगड़ सकता है। नौकरी में कार्यरत लोगों के कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं। आपकी संतान को यदि पढ़ाई लिखाई में कुछ समस्याएं आ रही थी, तो उनके लिए भी आपको उनके गुरुजनों से बातचीत करनी होगी। आप किसी नए काम में सोच समझकर हाथ डाले। पिताजी का कोई पुराना रोग उभरेगा, जो आपको टेंशन देगा।

आज 4 अगस्त को ग्रहों का बहुत ही शुभ संयोग बना हुआ है। हिंदू पंचांग के अनुसार आज श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि और सावन का आखिरी सोमवार है। आज के दिन सूर्य-चंद्रमा का नवपंचम योग बना हुआ है, जिसमें सूर्य और चंद्रमा एक दूसरे के नवम और पंचम भाव में रहकर गोचर हुए हैं। ऐसे में आज के दिन मेष, वृषभ और कन्या समेत चार राशि वालों को भाग्य का साथ मिलेगा। आइए विस्तार से जानते हैं मेष से लेकर मीन राशि वालों के लिए की गणना करते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है।

# Prayagraj Flood News :

## गंगा और यमुना का खौफनाक रूप देख सहमे लोग, टूट सकता है 1978 का रिकॉर्ड



गंगा और यमुना ने और विकराल रूप धारण कर लिया है। खतरे का निशान 84.734 मीटर पार करने के बाद गंगा और यमुना का जलस्तर 86 मीटर के पार पहुंच गया है। उफान अभी जारी है। स्थिति काफी भयावह होती जा रही है। शहर के कई कछार के बाद अब शहर के कई पॉश इलाके भी बाढ़ की चपेट में आ रहे हैं। प्रशासन राहत बचाव कार्य में जुट गया है। जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो 1978 का रिकॉर्ड टूट सकता है।गंगा और यमुना का जलस्तर एक सप्ताह से दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। यही स्थिति रही तो अगले कुछ दिनों में ही 1978 का रिकार्ड टूट जाएगा। केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के अनुसार, गंगा नदी फाफामऊ में 88.390 मीटर तो यमुना नदी के नैनी में 87.990 मीटर तक पहुंचने का रिकार्ड दर्ज है।रविवार की रात तक गंगा का जलस्तर फाफामऊ में 85.87 मीटर और यमुना का जलस्तर नैनी में 85.82 मीटर रिकार्ड किया गया। जानकारों की ओर से अभी दो दिन जलस्तर में वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। इसे लेकर प्रशासन की ओर से भी अलर्ट जारी किया गया है। आंकड़ों पर गौर करें तो फाफामऊ में वर्ष 2021 में अधिकतम जलस्तर 86.04, वर्ष 2022 में 85.93, वर्ष 2023 में 81.250 मीटर और वर्ष 2024 में 84.07 मीटर रहा था। इस वर्ष 2025 में लगातार गंगा और यमुना का बढ़ता जलस्तर खतरे का संकेत दे रहा है।

# UP News

## सहारनपुर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ, 381 करोड़ रुपये की 15 परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण



Saharanpur News: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को सहारनपुर पहुंच गए। सबसे पहले उनका काफिला सर्किट हाउस पहुंचा। वे गंगोह रोड स्थित गोगा म्हाड़ी पर पूजन भी करेंगे।प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को सहारनपुर पहुंच गए। वह करीब साढ़े पांच घंटे जिले में रहेंगे। विकास कार्यों और मंडलीय कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। साथ ही स्मार्ट सिटी योजना की 381 करोड़ रुपये की 15 परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन की सारी तैयारियां उच्चाधिकारियों ने कर ली थी। डीएम मनीष बंसल विभागीय अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री का गंगोह रोड स्थित गोगा म्हाड़ी पर पूजन आदि का कार्यक्रम भी है।मौसम खराब होने की वजह से सीएम सरसावा एयरपोर्ट से सड़क मार्ग के रास्ते सर्किट हाउस पहुंचे। यहां उनका गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने विभागीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सरसावा एयरपोर्ट से लेकर सर्किट हाउस रोड और पुलिस लाइन तक पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। सर्किट हाउस पर सुरक्षा का त्रिस्तरीय पहरा रहा। बिना पास के किसी भी व्यक्ति को सर्किट हाउस के भीतर नहीं जाने दिया गया। सीएम की मौसी सरोज देवी भी अपने परिवार के साथ उनसे मिलने पहुंचीं। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सरसावा एयरपोर्ट से लेकर सर्किट हाउस रोड और पुलिस लाइन तक पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। सर्किट हाउस पर सुरक्षा का त्रिस्तरीय पहरा रहा। बिना पास के किसी भी व्यक्ति को सर्किट हाउस के भीतर नहीं जाने दिया गया। सीएम की मौसी सरोज देवी भी अपने परिवार के साथ उनसे मिलने पहुंचीं।

# Coolie: शाम 7 बजे रिलीज होगा


**कुली' ट्रेलर, फिल्म को मिला 'ए' सर्टिफिकेट; 14 अगस्त को 'वॉर-2' से होगी टक्कर**



जल्द ही रजनीकांत की फिल्म 'कुली' रिलीज होने वाली है। आज यानी शनिवार को इस फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज होगा। फिल्म 'कुली' को सेंसर बोर्ड ने 'ए' सर्टिफिकेट दिया है। जानिए, इसके पीछे की वजह क्या है?74 साल के रजनीकांत जल्द ही फिल्म 'कुली' में दर्शकों को अलग ही अंदाज में नजर आएंगे। यह फिल्म 14 अगस्त को रिलीज हो रही है। आज यानी शनिवार को इस फिल्म का ट्रेलर भी आएगा। फिल्म को सेंसर ने 'ए' सर्टिफिकेट दिया है। जानिए, क्या है फिल्म 'कुली' की कहानी और रजनीकांत का किरदार? क्यों फिल्म में वह एक्शन मोड में नजर आएंगे लोकेश कनगराज डायरेक्टेड फिल्म 'कुली' की कहानी कुछ दिनों पहले लीक हुई। इस लीक के अनुसार फिल्म में रजनीकांत ने देवा नाम के एक स्मगलर का रोल किया है। फिल्म में सोने की घड़ियों की तस्करी दिखाई जाती है। फिल्म में इस स्टोरी लाइन के बीच रजनीकांत जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आएंगे। एक्शन इस लेवल का है कि इसे 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया

**दर्शकों की उम्मीदों पर पास या फेल तृप्ति-सिद्धांत की फिल्म? जानिए नेटिजन्स का रिएक्शन**

# Dhadak 2 X Review





Netizens Rreaction On Dhadak 2: फिल्म 'धड़क 2' आज 01 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की इस फिल्म को सोशल मीडिया पर दर्शकों से कैसी प्रतिक्रिया मिल रही है? जानिएसाल 2018 में आई जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'धड़क' की अगली कड़ी के रूप में फिल्म 'धड़क 2' आज शुक्रवार 01 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म जातिवाद के मुद्दे पर आधारित है। सिद्धांत चतुर्वेदी नीलेश की भूमिका में हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी ने विधि का रोल निभाया है। इनकी प्रेम कहानी में जाति बाधा बनकर खड़ी होती है।

# आशीर्वाद ने मेरे हृदय को शांति से भर दिया'

**सनी देओल ने की दलाई लामा से मुलाकात; लिखा इमोशनल नोट**



Sunny deol meet Dalai Lama: सनी देओल ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर दलाई लामा के साथ एक खास तस्वीर शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। फैंस उनकी इस तस्वीर पर जमकर प्यार बरसा रहे हैं। बॉलीवुड एक्टर सनी देओल इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच सनी ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर दलाई लामा के साथ एक शानदार तस्वीर शेयर की है। इस खास तस्वीर के साथ सनी ने एक भावुक नोट भी लिखा है।सनी देओल ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी और दलाई लामा की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस शानदार तस्वीर के साथ सनी ने कैप्शन में बेहद ही भावुक नोट लिखा, 'बहुत सम्मान और कृतज्ञता का पल। लद्दाख की शांत वादियों में परम पावन दलाई लामा से मुलाकात हुई। उनकी मौजूदगी, ज्ञान और आशीर्वाद ने मेरे मन को शांति दी। यह पल सचमुच अविस्मरणीय है।'सनी की इस खास पोस्ट के बाद फैंस ने भी जमकर कमेंट कर अपना प्यार बरसाया है। एक फैन ने लिखा, 'मेरा असली हीरो', एक फैन ने लिखा, 'सनी पाजी जय श्री राम', एक फैन ने लिखा, 'वाह...शानदार...आपसे बहुत प्यार करता हूं', एक फैन ने लिखा, 'ये वो हाथ हैं, जिन्होंने पाकिस्तान का हैंडपंप उठाया था, इन हाथों को सलाम पालजी, लव यू', एक फैन ने लिखा, 'गुरु से बड़ा ना कोई होए', एक फैन ने सनी की फिल्म गदर का डायलॉग लिखा, 'हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा।'सनी देओल आखिरी बार फिल्म 'जाट' में नजर आए थे। अब सनी जल्द ही 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे। यह फिल्म 23 जनवरी,

# इब्राहिम और राशा ने भी किया वॉक



भारत के हैंडसम और यंग क्रिकेटर अभिषेक शर्मा क्रिकेट के मैदान के बाद अब रैंप पर भी छा गए हैं। खिलाड़ी ने इंडियन कोचर वीक 2025 के ग्रैंड फिनाले में वॉक किया।24 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज को मैदान पर गेंदबाजों के छक्के छुड़ाते हुए देखा गया है,

# सांप ने शहर में मचाया आंतक,



Zootopia 2 Trailer Released: डिज्नी की मच अवेटेड फिल्म 'जूटोपिया 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है यानी अब जल्द ही निक और ज्युडी की जोड़ी फिर से दर्शकों को एंटरटेन करने के लिए तैयार है। डिज्नी की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म 'जुटोपिया' एक बार फिर अपने नए सीक्वल के साथ लौट आई है। जहां पहली फिल्म में अपराध सुलझाने के लिए निक वाइल्ड और ज्युडी हॉप्स की जोड़ी बनाई गई थी, वहीं अब 'जूटोपिया 2' में भी दोनों मिलकर एक विशाल सांप का सामना करेंगे। 'जूटोपिया 2' का ट्रेलर रिलीज हुआ है जिसमें एक बार फिर ये जोड़ी दर्शकों को एंटरटेन करते हुए नजर आएगी। फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को एक ऐसे सफर पर ले जाता है, जहां निक और ज्यूडी, जो अब जूटोपिया पुलिस के रॉकी ऑफिसर हैं, एक नए और खतरनाक केस में उलझ जाते हैं। इस बार चुनौती सिर्फ प्रोफेशनल नहीं बल्कि पर्सनल भी है। दोनों के बीच बढ़ते मतभेदों को देखते हुए चीफ बोगो उन्हें 'पार्टनर्स इन क्राइसिस' नाम के काउंसलिंग प्रोग्राम में भेजते हैं। लेकिन हालात तब बिगड़ जाते हैं जब उन्हें जूटोपिया में आए एक रहस्यमयी और जहरीले सांप के केस में जुटना पड़ता है।'जूटोपिया 2' में कई नए किरदारों की भी एंट्री होती है।




# Samantha Ruth Prabhu



Viral Video: अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु और निर्देशक राज निदिमोरु हाल ही में मुंबई के रेस्टोरेंट में एक साथ डिनर डेट पर नजर आए। जिससे उनके रिश्ते की अफवाहें और तेज हो गईं। साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु और फिल्म निर्देशक राज निदिमोरु को एक साथ मुंबई के एक रेस्टोरेंट में डिनर डेट पर देखा गया। दोनों एक साथ एक ही कार में डिनर के लिए रेस्टोरेंट आए थे। लेकिन जब पैपराजी ने दोनों को एक साथ कैमरे में कैद करना चाहा तो राज पैपराजी की इस हरकत से नाराज नजर आए।मुंबई में डिनर के लिए एक साथ नजर आए सामंथा और राज को देखने के बाद जैसे ही पैपराजी ने उन्हें कैमरे में कैद करना चाहा, वैसे ही राज के चेहरे के एक्सप्रेशन गुस्से में बदल गए। राज पैपराजी की इस हरकत से नाराज नजर आए। इस दौरान सामंथा ने सफेद-नीली धारीदार स्वेटर पहनी थी और साथ ही वह बिना मेकअप के सिपंल लुक में भी बेहद खूबसूरत दिखीं, जबकि राज हरी जैकेट और काली टोपी में दिखे।अब इन दोनों का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि, दोनों ने अपने रिश्ते के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। पहले, सामंथा ने सोशल मीडिया पर राज के साथ डेट्रॉयट की तस्वीरें साझा की थीं, जिसने इन दोनों की डेटिंग को लेकर अफवाहों को हवा दी थी।इंडिया टुडे की एक खबर के मुताबिक, राज की पूर्व पत्नी श्यामाली डे ने सोशल मीडिया पर एक रहस्यमय पोस्ट लिखा था, जिसमें उन्होंने "जो बोओगे, वही काटोगे" कहा, जिसे लोग इन अफवाहों से जोड़कर देख रहे हैं।सामंथा और राज ने 'द फैमिली मैन 2' और 'सिटाडेल: हनी बनी' जैसी वेब सीरीज में साथ काम किया है। अब सामंथा नेटफ्लिक्स की 'रक्त ब्रह्मांड: द ब्लडी किंगडम' पर काम कर रहे हैं।

# टैक्स बचाने के साथ बेहतरीन रिटर्न भी



निवेश कुछ महीने या साल की बात नहीं है। यह दशकों की बात होती है। अगर निवेश के इस पैमाने को समझ लिया तो कई गुना फायदा कमा सकते हैं। ईएलएसएस कुछ ऐसा ही है। इसमें टैक्स बचाने और बेहतर रिटर्न पर रिपोर्ट-निवेश की दुनिया में रिटर्न या परिणाम अपेक्षाओं के अनुरूप न होने की भावना अक्सर निराशा के रूप में प्रकट होती है। यही निराशा निवेशकों को बाजार का समय जानने की कोशिश करने के लिए प्रेरित करती है। बाजार का समय तय करने की प्रक्रिया में किसी प्रतिभूति की कीमत में संभावित वृद्धि या गिरावट का अनुमान लगाना और उसके अनुसार प्रतिभूति खरीदना या बेचना शामिल है। सोशल मीडिया पर यही विषय इस समय चर्चा में है। हाल में पिरामल फाइनेंस के प्रबंध निदेशक जयराम श्रीधरन ने एक पोस्ट में बताया, कैसे बाजार का समय तय करने से बेहतर फायदा हो सकता है। कैसे कभी-कभी अधिक समय तक बने रहना बाजार का समय तय करने की कोशिश का बेहतर तरीका हो सकता है। कैसे उनका 10,100 रुपये का निवेश 25 वर्षों में 7.9 लाख रुपये में बदल गया।श्रीधरन ने पोस्ट में बताया कि 1998 में नौकरी ज्वाइन करने के तुरंत बाद उन्होंने निवेश का सफर शुरू करने का फैसला किया। उन्होंने पहले निवेश के तहत 1999 में 10,100 रुपये में ईएलएसएस यूनिट्स खरीदी थीं। 25 वर्षों में इस निवेश की कीमत बढ़कर 7,90,457 रुपये हो गई है।उभरते बाजारों में आमतौर पर तेज वृद्धि देखी जाती है। पिछले 25 वर्षों में प्रमुख सूचकांकों में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हालांकि, श्रीधरन के निवेश को देखकर हम समझ सकते हैं कि इस वृद्धि का अधिकतम लाभ उठाने के लिए बाजार में निवेशित बने रहना जरूरी है।

# Gold Price

## सोना इतिहास में पहली बार हुआ इतना महंगा, 10 ग्राम की कीमत एक लाख रुपये के पार; जानें कब होगा सस्ता



सोने की कीमत ने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पहली बार सोने का भाव 1 लाख रुपये के पार हो गया है। अब प्रति 10 ग्राम का स्तर पार कर लिया है अक्षय तृतीया से पहले सोने की कीमत में भारी उछाल से हर कोई हैरान है। 24 कैरेट सोने की कीमत एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार हो गई हैं। सोने की बढ़ी कीमतों ने स्वर्णकारों से लेकर ग्राहकों की धड़कनों को बढ़ा दिया है। शादी से सीजन में लोगों को सोने के आभूषण खरीदने से पीछे हट रहे हैं। सर्राफा दुकानों में सन्नाटा पसरा हुआ है। मंगलवार को 24 कैरेट सोने की कीमत एक लाख रुपये प्रति दस ग्राम के पार रहीं। वहीं, 22 कैरेट सोने की कीमत प्रति दस ग्राम 98200 रुपये तक पहुंच गई।अक्षय तृतीया का पर्व 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस दिन को विवाह के लिए बेहद शुभ मुहूर्त माना जाता है। अक्षय तृतीया पर लोग सोने-चांदी के आभूषणों की भी खरीदारी करते हैं। लेकिन अक्षय तृतीया से पहले सोने के दाम आसमान छूते जा रहे हैं। सोने की कीमतों में लगातार हो रही वृद्धि से हर कोई भौचक्का रह गया है। उप्र स्वर्णकार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामबाबू वर्मा ने बताया कि सोने की कीमतों में उछाल और गिरावट से हर कोई हैरान है। सोने के दामों की दिशा तय करना मुश्किल हो गया है। लगातार बढ़ोतरी से एक्सपर्ट कुछ भी अनुमान लगाने से हिचक रहे हैं। उप्र स्वर्णकार एसोसिएशन के महामंत्री ज्ञान गुप्ता का कहन है कि सोने की कीमत बढ़ने के बाद बाजार में सोने की खरीद में एक दम कमी आने से दुकानदार मायूस हैं।

# Oil: रूसी तेल से दूरी भारत को पड़ सकती है भारी



विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रंप के टैरिफ, रूस से तेल खरीदने पर जुर्माना लगने और यूरोपीय संघ के रूसी मूल के कच्चे तेल से बने परिष्कृत उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध लगाने से भारतीय रिफाइनरियों के लिए दोहरी मार पड़ सकती है।अमेरिका ने रूस से तेल खरीदना जारी रखने पर भारत को जुर्माना भुगतने की धमकी दी है। जुर्माने की धमकी के चलते अगर भारत रूसी तेल को खरीदना बंद करता है तो उसे भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि रूस से तेल आयात बंद करने के बाद भारत का वार्षिक तेल आयात बिल 9-11 अरब डॉलर तक बढ़ सकता है। हालांकि भारत अमेरिका के दबाव के आगे झुकता नहीं दिख रहा है।रूस, कच्चे तेल का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है, जिसका रोजाना का तेल उत्पादन करीब 9.5 मिलियन बैरल/प्रतिदिन है। यह वैश्विक मांग का करीब 10 प्रतिशत है। रूस, दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश भी है, जो लगभग 4.5 मिलियन बैरल प्रति दिन कच्चा तेल और 2.3 मिलियन बैरल प्रति दिन परिष्कृत उत्पादों का निर्यात करता है। साल 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूसी तेल के बाजार से बाहर होने की आशंका थी, जिससे वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें बढ़ने की आशंका पैदा हो गई। भारत ने इसे अच्छा मौका समझा और इसे लपक लिया।फरवरी, 2022 के शुरू में भारत के कच्चे तेल आयात में रूस

# शेयर बाजार में हरियाली;



घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के पहले दिन हरियाली दिखाई दी। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शुरुआती कारोबार में बाजार में सकारात्मक रुख के साथ काम होता दिखा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 124.24 अंक चढ़कर 80,724.15 पर पहुंचा, जबकि निफ्टी 48.10 अंक बढ़कर 24,613.45 पर आ गया। ऐसे ही शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे गिरकर 87.25 पर आ गया। एशियाई बाजारों में मजबूती के रुख, ऑटो और धातु शेयरों में खरीदारी के चलते सोमवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी देखी गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 217.61 अंक या 0.27 फीसदी बढ़कर 80,817.52 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 71.55 अंक बढ़कर 24,636.90 पर पहुंच गया। सेंसेक्स की 30 शेयरों वाली कंपनियों में टाटा स्टील, बीईएल, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाइटन और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में बढ़त देखी गई। इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटरनल, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक पिछड़ते नजर आए। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 3,366.40 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।इससे पहले बीते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 585.67 अंक गिरकर 80,599.91 पर और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 203 अंक गिरकर 24,565.35

# कम हो सकती हैं पेट्रोल-डीजल की कीमतें



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद ओपेक देशों ने तेल उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई है। अब वह हर दिन 547000 बैरल तेल उत्पादन बढ़ाएंगे। तेल उत्पादन बढ़ाने के इस कदम से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी आ सकती है। तेल निर्यातक देशों के समूह ओपेक+ गठबंधन के सदस्य देशों ने तेल उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई है। अब ओपेक देश हर दिन 547000 बैरल तेल उत्पादन बढ़ाएंगे। ओपेक देशों के इस कदम से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी आ सकती है। अभी तक ये देश अपनी मर्जी से कम तेल उत्पादन कर रहे थे। उन्होंने यह कम उत्पादन नवंबर 2023 में शुरू किया था, जिसे सितंबर 2026 तक चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की योजना थी। लेकिन अब यह फैसला किया गया है कि वे स्वैच्छिक उत्पादन कटौती को तय समय से पहले ही समाप्त कर देंगे।इससे पहले जुलाई में भी ओपेक+ ने फैसला किया था कि अगस्त में वे हर दिन 548,000 बैरल तेल ज्यादा बनाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर बाजार की स्थिति ठीक नहीं रही, तो वे फिर से उत्पादन कम कर सकते हैं। जब उत्पादन बढ़ता है, तो आमतौर पर तेल और गैसोलीन की कीमतें गिर सकती हैं। लेकिन शोध फर्म क्लियरव्यू एनर्जी

# रिटायरमेंट के बाद नहीं होगी पैसों की दिक्कत

## 8 हजार रुपये निवेश करके इतने वर्षों में जुटा सकते हैं 2.26 करोड़




आज हम आपको एक शानदार स्कीम के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां निवेश करने के बाद आप रिटायरमेंट के समय तक आर्थिक स्वतंत्रता हासिल कर सकते हैं।बीते वर्षों में प्राइवेट सेक्टर का दायरा बढ़ा है। वहीं सरकार द्वारा पुरानी पेंशन स्कीम के खत्म होने के बाद सरकारी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारी भी अपने रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी को लेकर चिंतित रहते हैं। अगर समय रहते रिटायरमेंट के बाद के जीवन को लेकर फाइनेंशियल प्लानिंग न की जाए, तो 60 की उम्र के बाद व्यक्ति को आर्थिक दिक्कतें परेशान करने लगती हैं। इस कारण आपको नौकरी करने के साथ-साथ किसी अच्छी जगह पर निवेश करना जरूरी है, ताकि आप रिटायरमेंट के बाद अपने लिए अच्छे खासे पैसे इकट्ठा कर सकें। इसी सिलसिले में आज हम आपको एक शानदार स्कीम के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां निवेश करने के बाद आप रिटायरमेंट के समय तक आर्थिक स्वतंत्रता हासिल कर सकते हैं। इसमें आपको म्यूचुअल फंड स्कीम में निवेश करना है। कई म्यूचुअल फंड स्कीम्स ने बीते वर्षों में निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है। विशेषज्ञों के मुताबिक यहां से आप लॉन्ग टर्म में अच्छे खासे पैसे इकट्ठा कर सकते है

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT

+91 7088120612















# PCB: डब्ल्यूसीएल में भारत ने दिखाया



**आईना तो पाकिस्तान की निकली हवा, देश के नाम को लेकर जारी किया बेतुका फरमान** पीसीबी के उच्च स्तर के अधिकारियों का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों का डब्ल्यूसीएल के दूसरे सत्र में पाकिस्तान के खिलाफ दो बार खेलने से इनकार करने से देश की क्रिकेट टीम और लोकप्रियता को नुकसान पहुंचा है।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भारतीय खिलाड़ियों के 'पाकिस्तान चैंपियंस' के खिलाफ खेलने से इनकार करने के बाद निजी क्रिकेट लीग में अपना प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों में देश के नाम का इस्तेमाल करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, इंग्लैंड में चल रहे WCL में भारत चैंपियंस की टीम ने शाहिद अफरीदी की अगुआई वाली पाकिस्तान चैंपियंस टीम को आईना दिखाया और लीग स्टेज के बाद सेमीफाइनल में भी खेलने से इनकार कर दिया। क्रिकेट जगत और दुनिया भर के मीडिया चैनल्स पर इसे भारत और पाकिस्तान के बीच टकराव बताया गया। इस बात की खूब चर्चा हुई कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया है। जैसे ही इस तरह के बयान सामने आए, पीसीबी ने बेतुका फरमान जारी कर निजी क्रिकेट लीगों में देश के नाम के इस्तेमाल पर रोक लगाने का फैसला ले लिया ।सूत्रों ने शुक्रवार को टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट को बताया, 'गुरुवार को निदेशक मंडल की बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया। उच्च स्तर के अधिकारियों का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों का डब्ल्यूसीएल के दूसरे सत्र में पाकिस्तान के खिलाफ दो बार खेलने से इनकार करने से देश की क्रिकेट टीम और लोकप्रियता को नुकसान पहुंचा है। भविष्य में किसी भी निजी संगठन को निजी लीग के लिए देश का नाम इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि, पाकिस्तान चैंपियंस की मौजूदा टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को होने वाले WCL फाइनल में खेलने की स्वीकृति होगी।रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न निजी संगठनों ने जिम्बाब्वे, केन्या और अमेरिका में छोटी और लो प्रोफाइल लीग में खेलने के लिए पाकिस्तान के नाम का इस्तेमाल किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'पाकिस्तान के नाम का इस्तेमाल करने पर सभी निजी संगठनों को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। पीसीबी के करीबी सूत्रों ने कहा, 'अगर पीसीबी को लीग और संगठन की प्रमाणिकता सही लगती है तो उसके पास क्रिकेट प्रतियोगिताओं के लिए इसके इस्तेमाल की अनुमति देने का एकमात्र अधिकार है।' यह भी पता चला है कि पाकिस्तान सरकार और देश में खेलों की देखरेख करने वाली आईपीसी (अंतर-प्रांतीय समन्वय समिति) ने पीसीबी को एक सलाह भेजी है कि भविष्य में निजी क्रिकेट लीग में देश के नाम के उपयोग को नियंत्रित किया जाए।संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी के अंतर्गत इस महीने के अंत में एक ट्वेंटी20 त्रिकोणीय सीरीज की मेजबानी करेगा जिसमें अफगानिस्तान और पाकिस्तान भी शामिल होंगे। शारजाह 29 अगस्त से शुरू होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के सभी सात मैचों की मेजबानी करेगा। शीर्ष दो टीमें फाइनल के लिए क्वालिफाई करने से पहले एक-दूसरे के खिलाफ दो बार खेलेंगी।पाकिस्तान और अफगानिस्तान पहले ही भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई कर चुके हैं।

# हॉकी: तनु की हैट्रिक



## चार गोल से वाराणसी मंडल ने मुरादाबाद को 5-0 से हराया, मेरठ को दी मात; पहुंचीं सेमीफाइनल

झांसी के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में वाराणसी के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। फॉरवर्ड प्लेयर तनु की हैट्रिक ने लोगों को आकर्षित कर दिया। चार गोल से वाराणसी मंडल ने मुरादाबाद को हरा दिया।69वीं प्रादेशिक विद्यालयीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता के अंडर-17 बालिका वर्ग में बुधवार को वाराणसी मंडल ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम की फॉरवर्ड खिलाड़ी तनु यादव की हैट्रिक सहित 4 गोल से वाराणसी मंडल मुरादाबाद को 5-0 से हराया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में वाराणसी की टीम ने मेरठ मंडल को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।झांसी के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में मुकाबलों में वाराणसी के विकास इंटर कॉलेज की खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। पहले मैच में वाराणसी मंडल ने मुरादाबाद मंडल की केपीएस कॉलेज को हराया। इस मुकाबले में शुरुआत से ही वाराणसी की टीम हावी रही और पहले हाफ में ही 3-0 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद भी टीम का तेज खेल जारी रहा और दूसरे हाफ में दो और गोल दागकर स्कोर 5-0 पर पहुंचा दिया। इस मुकाबले में तनु के अलावा सृष्टि पटेल ने भी एक गोल कर टीम के स्कोर में योगदान दिया। सोनल, जानवी, अन्नू, सत्या, अंजली, रोशनी और कोमल ने भी पूरे मैच के दौरान शानदार खेल का प्रदर्शन किया।वहीं दूसरे मुकाबले में वाराणसी मंडल ने मेरठ मंडल को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

# IND vs ENG: अगर सीरीज हारा

भारत तो सिराज को ताउम्र सताएंगे ये दो पल, लॉर्ड्स और ओवल से जुड़ा है मामला, जानें




बतौर गेंदबाज सिराज का इस सीरीज में प्रदर्शन शानदार रहा है। वह सीरीज के लीडिंग विकेट टेकर हैं। उन्होंने पांच मैचों में अब तक 20 विकेट लिए हैं। इस दौरान उनका गेंदबाजी औसत 36.85 का रहा है। इसमें एक बार पारी में पांच विकेट शामिल है।भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट लंदन के ओवल में जारी है। यह मुकाबला भी इस सीरीज के अन्य मुकाबलों की तरह पांचवें दिन में जा चुका है। इंग्लैंड को जीत के लिए 35 और रन की दरकार है, जबकि भारत को चार विकेट गिराने हैं। जेमी ओवरटन और जेमी स्मिथ नाबाद हैं। इसके बाद गस एटकिंसन भी बल्लेबाजी कर सकते हैं। इंग्लैंड की टीम सीरीज में 2-1 से आगे है और अगर टीम यह मुकाबला जीतने में कामयाब रहती है तो मैच के साथ-साथ सीरीज पर भी कब्जा जमाएगी। भारत के पास इस सीरीज को जीतने के कई मौके आए, लेकिन अहम मौके पर चूक ने मैच पलट दिया। अगर टीम इंडिया सीरीज गंवाती है तो खासतौर पर मोहम्मद सिराज पर प्रभाव पड़ेगा। वह उन दो मुश्किल मौकों को भुनाने में नाकाम रहे, जो मैच को पलट सकता था। लॉर्ड्स के बाद अब ओवल में भी कुछ ऐसा हुआ है।



दरअसल, ओवल में इंग्लैंड को 374 रन का लक्ष्य मिला। इसके जवाब में एक वक्त टीम ने 106 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। हैरी ब्रुक और जो रूट क्रीज पर थे। इंग्लैंड की दूसरी पारी के 35वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा गेंदबाजी के लिए आए। पहली ही गेंद उन्होंने शॉर्ट लेंथ पर फेंकी। इस पर बड़े शॉट के प्रयास में ब्रुक ने इसे हवा में खेला। गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर लॉन्ग लेग पर गई। वहां सिराज बाउंड्री लाइन पर खड़े थे। उन्होंने कैच लिया, लेकिन उनका दायां पैर कैच के बाद बाउंड्री लाइन से टकरा गया।

# Football News

**CAFA नेशंस कप में भारत का पहला मैच ताजिकिस्तान से; ब्राजील कोपा अमेरिका फेमिनिना के फाइनल में** CAFA नेशंस कप में भारत ग्रुप चरण के अपने अगले दो मैच एक सितंबर को ईरान और चार सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा। इस टूर्नामेंट में आठ टीम भाग लेंगी।



भारत को सीएएफए (CAFA) नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप बी में रखा गया है। टीम इंडिया का पहला मुकाबला 29 अगस्त को दुशांबे में मेजबान ताजिकिस्तान से होगा। इस ग्रुप की अन्य दो टीमें ईरान और अफगानिस्तान हैं। आठ सितंबर तक चलने वाला यह मध्य एशियाई क्षेत्रीय टूर्नामेंट, एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालिफायर फाइनल राउंड से पहले भारत के लिए तैयारी का काम करेगा।भारत ग्रुप चरण के अपने अगले दो मैच एक सितंबर को ईरान और चार सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा। इस टूर्नामेंट में आठ टीम भाग लेंगी। प्रत्येक ग्रुप की विजेता टीमें ताशकंद में फाइनल में जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें दुशांबे में तीसरे स्थान के लिए भिड़ेंगी। ग्रुप ए के मैच ताशकंद में खेले जाएंगे। इस ग्रुप में मेजबान उज्बेकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, तुर्कमेनिस्तान और ओमान शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में भारत और ओमान दो मेहमान टीमें हैं। ईरान गत विजेता है, जिसने 2023 के फाइनल में उज्बेकिस्तान को 1-0 से हराया था।पिछली चार बार के चैंपियन ब्राजील की टीम इक्वाडोर के क्विटो में जारी कोपा अमेरिका फेमिनिना महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई है। उसने उरुग्वे के खिलाफ शुरुआती आधे घंटे में तीन गोल करके 5-1 से जीत हासिल की और पांचवीं बार फाइनल मे ◌जगह बनाई। अमांडा गुटिएरेस ने 11वें मिनट में ब्राजील की तरफ से पहला गोल किया। इसके दो मिनट बाद जियोवाना क्विरोज़ ने बढ़त दोगुनी कर दी जबकि स्टार खिलाड़ी मार्टा ने 27वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके ब्राजील की जीत सुनिश्चित कर दी।गुटिएरेस ने 65वें मिनट में फ्री किक पर एक और गोल किया, जबकि डुडिन्हा ने 86वें मिनट में टीम की तरफ से पांचवां गोल दागा। ब्राजील अगले शनिवार को होने वाले फाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगा, जिसने सोमवार को अर्जेंटीना को पेनल्टी शूट आउट में 5-4 से हराया था। जिसने सोमवार को अर्जेंटीना को पेनल्टी शूट आउट में 5-4 से हराया था।